पर्यावरण 2018

# कृषि | राष्ट्रव्यापी असंतोष

देश में आधे से ज्यादा राज्यों के किसान सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर चुके हैं। पिछले दो सालों में 15 राज्यों में बड़े किसान आंदोलन हुए हैं। इन आंदोलनों की तीन प्रमुख वजहें हैं। पहली, फसलों को नुकसान से बचाने के लिए सरकार की असफलता, दूसरा, फसलों का उचित मूल्य न मिलना और तीसरा, विकास परियोजनाओं के लिए किसानों से बलपूर्वक जमीन हथियाना

## 2017 से अब तक

**34**

बड़े प्रदर्शन किसानों द्वारा विभिन्न राज्यों में अब तक हो चुके हैं

**15**

राज्यों में किसानों के बड़े प्रदर्शन हो चुके हैं



### गुजरात

**प्रदर्शनों की सं. | 01**

**3 मई, 2018 |** अमरेली जिले के किसान धरने पर बैठे। गुजरात हैवी केमिकल्स लिमिटेड (जीएचसीएल) से भूमि का पट्टा वापस लेने के लिए किसानों को यह कदम उठाना पड़ा। भूमि का यह पट्टा नमक उत्पादन के लिए दिया गया था



### आंध्र प्रदेश

**प्रदर्शनों की सं. | 01**

**3 मई, 2017 |** मिर्च के दाम तेजी से गिरने पर इसकी खेती करने वाले किसानों ने गुस्से में अपने उत्पाद सभी प्रमुख बाजारों में फेंक दिए। किसानों ने कुछ जगह फसलों में आग लगाकर भी अपने गुस्से का इजहार किया



### छत्तीसगढ़

**प्रदर्शनों की सं. | 01**

**5 मार्च, 2018 |** कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर गांव में किसानों ने दल्लीराजहरा-रोघाट-जगदलपुर रेल परियोजना के लिए हो रहे भूमि अधिग्रहण के खिलाफ रेल की पटरियों पर बैठकर प्रदर्शन किया। किसानों की मुख्य मांग नौकरियां देने की थी



### हरियाणा

**प्रदर्शनों की सं. | 02**

**26 फरवरी, 2018 |** किसान विरोधी नीतियों के विरोध में और कुछ गिरफ्तारियों से खफा होकर किसानों ने अर्द्धनग्न प्रदर्शन किया

**25 मई, 2017 |** किसानों ने कर्जमाफी, सेवानिवृति की उम्र तय करने और सरकारी पेंशन की मांग की




### कर्नाटक

**प्रदर्शनों की सं. | 02**

**10 मार्च, 2018 |** बेलगावी शहरी विकास प्राधिकरण के कृषि भूमि को आवास परियोजनाओं में इस्तेमाल की योजना के विरोध में कानाबारगी गांव के किसानों का प्रदर्शन

**8 जून, 2017 |** केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीतियों और मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र के किसानों के समर्थन में कांग्रेस के किसान प्रकोष्ठ ने प्रदर्शन किया



### मध्य प्रदेश

**प्रदर्शनों की सं. | 1**

**जून 2017 |** किसानों ने वाहनों में आग लगा दी और पुलिस स्टेशनों और सरकारी दफ्तरों के सामने प्रदर्शन किया। किसानों की मांग थी कि उनका कर्ज माफ किया जाए और फसलों के ऊंचे दाम मिलें



### महाराष्ट्र

**प्रदर्शनों की सं. | 04**

**17 मई, 2018 |** मुंबई के आजाद मैदान में जमीन अधिग्रहण के खिलाफ आदिवासी किसानों का प्रदर्शन

**4 मई, 2018 |** ठाणे और पलघर जिले में 50 हजार से ज्यादा किसानों ने बुलेट ट्रेन के लिए जमीन अधिग्रहण और एक्सप्रेस परियोजनाओं के विरोध में प्रदर्शन किया, डेरी किसानों ने बेहतर मूल्य की मांग की

**4 मई, 2018 |** दूध के दाम 19 रुपए प्रति लीटर होने पर किसानों ने मुफ्त में दूध बांटकर विरोध जताया

**May, 2017 |** फसलों की कीमत कम और कर्ज बढ़ने पर किसानों का प्रदर्शन





08-14Cover Story-SOE.indd 12 01/06/18 10:59 AM





## ओडिशा
**प्रदर्शनों की सं. | 03**

**11 अप्रैल, 2018 |** फसल खराब होने पर संभलपुर जिले के 9 खंडों के किसानों ने प्रदर्शन किया

**27 फरवरी, 2018 |** यूरिया उर्वरक की कम आपूर्ति होने पर संभलपुर के किसानों ने कृषि विभाग के दफ्तर के सामने प्रदर्शन किया

**मार्च 2017 |** बुवाई के बाद फसलों को नुकसान पहुंचने और विक्रय संकट से परेशान किसानों ने प्रदर्शन किया



## पंजाब
**प्रदर्शनों की सं. | 03**

**जून 2017 |** मांझा क्षेत्र के किसानों ने कर्जमाफी के लिए प्रदर्शन किया

**जनवरी 2017 |** नोटबंदी से हुए नुकसान के विरोध में लुधियाना के किसानों ने समराला चौक पर सब्जी, दूध, अंडे फेंककर विरोध जताया

**जनवरी 2017 |** आलू के कम दाम मिलने पर अंबाला के किसानों ने विरोध प्रदर्शन कर अपने गुस्से का इजहार किया



## राजस्थान
**प्रदर्शनों की सं. | 04**

**20 मार्च, 2018 |** किसानों ने नए हवाई अड्डे के लिए जमीन अधिग्रहण के खिलाफ शिवदासपुरा के पास प्रदर्शन किया

**22 फरवरी, 2018 |** किसान संगठनों ने राज्य सरकार पर कर्जमाफी की घोषणा करने में बेईमानी का आरोप लगाया

**17 फरवरी, 2018 |** टोल रोड के लिए जमीन अधिग्रहण के खिलाफ सीकर में किसानों ने खुद को गड्ढों में गाड़कर प्रदर्शन किया

**मई 2017 |** किसानों ने कर्जमाफी और दूध के बेहतर मूल्य के लिए प्रदर्शन किया

## तमिलनाडु
**प्रदर्शनों की सं. | 05**

**6 मई, 2018 |** कावेरी जल विवाद के मुद्दे पर किसानों ने चेन्नई में प्रदर्शन किया

**28 अप्रैल, 2018 |** हवाई अड्डे के विस्तार के लिए जमीन अधिग्रहण के खिलाफ सालेम में किसानों ने प्रदर्शन किया

**14 अप्रैल, 2018 |** कावेरी प्रबंधन बोर्ड के गठन की मांग को लेकर त्रिची में किसानों ने कब्रिस्तान में लेटकर प्रदर्शन किया

**28 फरवरी, 2018 |** तिरुमूर्ति जलाशय का पानी केरल को देने के राज्य सरकार के फैसले के विरोध में प्रदर्शन

**9 जून, 2017 |** कोवरी प्रबंधन बोर्ड के गठन की मांग को लेकर किसानों ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की



## तेलंगाना
**प्रदर्शनों की सं. | 04**

**6 मार्च, 2018 |** नगरकुरनूल के किसानों ने मुंगफली के न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग की

**3 मई, 2017 |** हत्री में डेरी किसानों ने दूध के ऊंचे दाम की मांग की

**3 मई, 2017 |** अरमूर में किसानों ने लाल ज्वार के उत्पाद खरीदने और सरकार पर दबाव बनाने के लिए प्रदर्शन किया

**3 मई, 2017 |** मिर्च के दाम अचानक कम होने के बाद किसानों ने प्रदर्शन किया



## पश्चिम बंगाल
**प्रदर्शनों की सं. | 01**

**22 मई, 2017 |** वामदल के किसान संगठन का बेहतर मूल्य के लिए राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन



## दिल्ली
**प्रदर्शनों की सं. | 01**

**13 मार्च, 2018 |** देशभर से हजारों किसान दिल्ली में एकजुट हुए। उनकी मांग थी कि गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 1,735 रुपए से बढ़ाकर 2,500 रुपए प्रति क्विंटल किया जाए



## केरल
**प्रदर्शनों की सं. | 01**

**24 फरवरी, 2018 |** तमिलनाडु द्वारा परंबीकुलम अलीयार परियोजना से पानी छोड़े जाने की मांग को लेकर केरल के किसानों ने तमिलनाडु आने वाले ट्रकों का प्रवेश रोक दिया

स्रोत: मीडिया रिपोर्ट्स



08-14Cover Story-SOE.indd 13 30/05/18 2:10 PM